हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
**रोहतक**, रविवार, 31 दिसंबर 2023

तापमान

अधिकतम 14.6 डिग्री
न्यूनतम 7.7 डिग्री

16 सालाना समारोह में छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मचाई धूम



16 छह खंडों के स्कूलों को वितरित की गई 48 हजार किताबें



## खबर संक्षेप

### कोर्ट केस वापस नहीं लेने पर व्यक्ति पर किया हमला

**यमुनानगर**। शहर की पुराना हमीदा में कोर्ट केस वापस नहीं लेने पर एक युवक ने व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित व्यक्ति का आरोपी युवक के भाई के साथ कार्ट केस चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुराना हमीदा निवासी पुनित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके साथ कॉलोनी के ही काबल सिंह ने मारपीट की थी।

### व्यक्ति पर ढ़ाबे में घुसकर तोड़फोड़ का आरोप

**यमुनानगर**। जगाधरी की गांधी धाम कॉलोनी निवासी एक युवक ने व्यक्ति पर उनके ढ़ाबे में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट करने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि घटना के बाद से उसकी सोने की अंगूठी व मोबाइल भी गायब है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सोमवार से हथलाना में बहाल होगी बस सेवा

**करनाल**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और ग्रामोदय न्यास के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसामान्य की व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं के प्रभावी निदान का माध्यम बन रही है। एक ओर जहाँ समाज कल्याण विभाग की अलग अलग पेंशनों,आयुष्मान कार्ड,किसान सम्मान निधि और राशन कार्ड से जुड़ी विभिन्नि समस्याओं का मौक़े पर ही गारंटीशुदा समाधान किया जा रहा है, वही सामूहिक समस्याओं पर भी काम हो रहा है।

### हिमस ने विवाद खत्म करवाया

**पानीपत**। मजदूरों व हुडा सेक्टर 18 में कोठी मलिक के बीच विवाद को हिन्द मजदूर सभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड पुष्पेंद्र शर्मा ने बैठकर सुलझाने का काम किया और आपसी तालमेल से काम करने की सलाह दी। इस अवसर पर मालिक अंकुश बब्बर, राजू गिरी, रवि व एडवोकेट वैभव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मौसम में बढ़ रही कड़ाके की ठंड से बेहाल हुए लोग

# नहीं थम रहा जिले में घना कोहरा व शीतलहर का प्रकोप

**शनिवार को दिन भर नहीं हुए सूर्य देव के दर्शन, बढ़ती ठंड में मूंगफली का बाजार हुआ गर्म, जिले का तापमान गिरकर न्यूतम पहुचा छह डिग्री सेल्सियस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर**। घना कोहरा में सड़कों पर रेंगते हुए चलते हुए दिखाई दे रहे वाहन।

पिछले कई दिन से जिले में घना कोहरा पड़ने व शीत लहर चलने से लोग ठंड की चपेट में हैं। शनिवार को भी घना कोहरा पड़ने व दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। जिसकी वजह से जिले का तापमान गिरकर अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिससे लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए। ठंड बढ़ने से बच्चों और बुजूगार्ंे को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, मौसम में बढ़ती ठंड से बच्च व बुजुर्गों समेत अन्य महिलाएं व पुरुष ठंड की बीमारियों से जकड़ने लगे हैं। खास बात यह है कि मौसम में ठंड बढ़ने से मुंगफली की डिमांड बढ़ने से मुंगफली विक्रेता खुश हैं।

शनिवार रात से ही जिले में दिन भर घनघोर कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने और आसमान में बादल छाए रहने से लोग ठंड में ठिठूरे रहे। इस दौरान सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। वहीं, आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीत लहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। लोग दिन भर गर्म वस्त्र लिपटे रहे। ठंड के कारण दिन भर बाजारों की रौनक भी गायब रही। लोगों ने किसी तरह ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाए। वहीं, बच्चे स्कूलों में ठिठूरते हुए पहुंचे। खास बात यह रही कि शनिवार को ठंड की वजह से स्कूलों में बच्चों की हाजिरी काफी कम रही।

### मूंगफली का बाजार हुआ गर्म

मौसम में शीत लहर चलने के कारण जहां बाजार मंदी से गुजर रहे हैं, वहीं, मूंगफली, शक्करकंद, खजूर, सूखामेवा, गाजर का हलवा जैसे गर्म तासीर वाले

खाद्य पदाथार्ें की बिक्री जोरों पर है। इसके अतिरिक्त चाय-पकौड़ा, सूप, चाऊमिन, स्प्रिंग रोल व गाजर का जूस भी खूब बिक रहा है। शाम ढलते ही रेहड़ियों पर जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। दिन के समय गाजर का जूस व चाय पकौड़ा लोगों को खूब भा रहा है।

### ठंड की बीमारियों से जकड़ने लोग

मौसम में कड़ाके की ठंड बढ़ने से बच्चे व बुजुर्गों समेत अन्य पुरुष व महिलाएं ठंड की बीमारियों जुखाम, बुखार, निमोनिया व खांसी आदि की चपेट में जकड़ने लगे हैं। अस्पतालों में ठंड की बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित ने ठंड के मौसम में बच्चों को गर्म पानी पिलाने व उनके खानपान का उचित ध्यान रखने के लिए सलाह दी है। वहीं, अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि सर्दी बढ़ने से बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत, छाती इन्फेक्शन, एलर्जी की समस्याएं आती हैं।

### शीत लहर से कांपे लोग, धुंध ने रोकी रफ्तार

**कुरुक्षेत्र**। ठंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। शनिवार को दोपहर तक धुंध रहने से आम जनजीवन प्रभावित रहा। धुंध का असर जीटी रोड पर भी देखने को मिला। धुंध के कारण वाहन रेंगरेंग कर चलते नजर आए। धुंध के कारण वाहन चालक दिन में ही लाईटें जलाकर चलते देखे गए। शनिवार को पूरा दिन सूर्यदेव के दर्शन नही हुए। सुबह कामकाज पर जाने वाले व ऑफिस जाने वाले लोगों को खासी परेशानी हुई। शाम होती ही सड़के वीरान हो गई और लोग घरों में दुबक गए। ठंड के कारण कई लोग जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। धुंध के कारण मार्किट में ग्राहकों के न होने से दुकानदार भी मायूस नजर आए। कोहरे के कारण कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को ठंड में परेशानी का सामना करना पड़ा। बर्फीली ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। एकाएक ठंड बढ़ने से तापमान भी नीचे लुढ़क चुका है। हालांकि कृषि वैज्ञानिक ठंड को गेहूं के लिए संजीवनी बता रहे हैं। सर्दी का सबसे अधिक असर छोटे बच्चों व बुजुगार्ें पर पड़ रहा है। सर्दी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे है लेकिन उन्हें फिर भी कोई राहत नहं मिल रही। सर्दी के कारण मूंगफली व गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ने लगी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं मौसम विशेषज्ञों की माने तो आने वाले समय में बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो ठंड अधिक बढ़ जाएगी।



#### ठंड से बचाव के लिए ये करें प्रबंध

घर से निकलते समय गर्म कपड़े अवश्य पहने। सुबह के समय कम से कम दोपहियां वाहनों पर सफर करे। छोटे बच्चों को सुबह व शाम को घर से बाहर ना निकाले। इस मौसम में ठंडी वस्तुओं का प्रयोग ना करे। बच्चे बीमार है तो डाक्टर की सलाह अवश्य ले।

#### धुंध में वाहन चलाते समय ये रखे सावधानियां

सड़क पर सुरक्षित चलने का अच्छा तरीका है कि आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी पर चलाएं। वाहन की हैड लाइट को हाइबीम पर न रखे, ऐसा करने से कोहरे में रोशनी बिखर जाती और सामने कुछ नजर नहीं आता। हेड लाइट लो बीम पर रखे। इससे देखने में आसानी होगी और सामने वाले को भी गाड़ी की सही स्थिति का पता चल सकेगा। हाईवे पर सड़कों के किनारे पर बनी सफेट पट्टी को फालो करके भी आसानी से गाड़ी चलाई जा सकती है। वाहन चलाते समय कहीं मुड़ना है तो काफी पहले से इंडीकेटर दें, जिससे दूसरी गाड़ियों को टाइम मिल सके। हेड लाइट बंद करके सिर्फ फॉग लाइट जलाना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि दूर से आने वाले को अकेली फॉग लाइट्स दिखाई नहीं देती। अपने वाहनों में फॉग लाइट आवश्यक तौर पर लगवाएं, यह धूंध को काटने में मददगार साबित होती हैं। वाहन मालिक एवं चालक अपने-अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। ट्रक या टैंपो चालक किसी भी होटल या ढाबे के आगे वाहनों को सड़क पर खड़ा नहीं करें।

# मिल में किसानों के नाम पर फ्रॉड करने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



**नारायणगढ़**। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान।

गन्ने की बकाया पेमेंट को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) की एक बैठक रेस्ट हाउस में जिला प्रधान नरमैल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में चीनी मिल से किसानों के गन्ने की बकाया तथा मिल प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के गन्ना किसानों के नाम से लिए गए कृषि ऋण को लेकर चर्चा की गई। इन दोनो मुद्दों को लेकर एसडीएम के नाम एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि गन्ने की पेमेंट बारे एसडीएम ने पिछली बैठक में शीघ्र दिलवाने का वायदा किया था तथा 750 किसानों के उपर जो कृषि ऋण है उसमें वे डिफाल्टर बन गए हैं। मिल ने किसानों का पैसा बैंक में वापिस नहीं लौटाया है। इस संदर्भ में थाना शहजादपुर में एक एफआईआर न 242 मिल के अधिकारियों के नाम दर्ज की गई थी परंतु अब तक इन अधिकारियों की कोई गिरफतारी नहीं हुई। मांग की गई कि एफआईआर में जिन अधिकारियों के नाम हैं उनको शीघ्र गिरफतार किया जाए अन्यथा भाकियू आगामी 5 जनवरी के बाद सख्त नर्णिय लेगा। बाद में किसानों ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भाकियू के अनेकों किसान उपस्थित रहे।

# ज्वैलर्स की दुकान से लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के गांव मतलौडा बस स्टैंड के पास मेन मार्केट में एक ज्वैलर्स की दुकान से चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए की पुरानी व नई ज्वेलरी चुराकर चोर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची मतलौडा पुलिस ने घटनास्थल का जायजा ले मामला दर्ज किया। मडलौडा बस स्टैंड पर वर्मा ज्वैलर्स के ज्यूलर्स गोपाल कृष्ण वर्मा ने मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार की रात वह अपनी दुकान को ठीक ठाक से बंद कर अपने घर आ गया था। सुबह अपनी दुकान पर गया तो दुकान का शटर ऊपर उठा हुआ था और शीशे के गेट का लाक खुला पड़ा था। अन्दर जा कर देखा तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा और शीशे की सभी अलमारी खुली पड़ी थी। जिसकी सूचना तुरंत डायल 112 को दी। सूचना मिलने पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। दुकान से लाखों रुपये के चांदी व सोने के आभूषण गायब मिले जो चोर चुरा कर ले गए। ज्यूलर्स गोपाल वर्मा ने बताया कि चोर आभुषणों के साथ साथ दुकान में लगे कैमरे की डीवीआर व एलसीडी भी चुरा कर ले गए, ताकि सीसीटीवी फुटेज से पहचान ना हो सके।

#### दुकानदारों में दहशत

20 दिन के अंदर बाजार में चोरी की दूसरी घटना होने से दुकानदारों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि 20 दिन पूर्व बाजार में हुई चोरी की वारदात का खुलासा नहीं हो पाया था कि बाजार में दूरी वारदात हो गई। जिसको लेकर दुकानदारों में दहशत बनी हुई है

#### कैसे की चोरी की वारदात

ज्यूलर्स ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोर ने पहले दीवार तोड़कर सेंध लगाने का प्रयास किया। दीवार तोड़ने में सफलता नहीं मिली तो साथ वाली टेलरिंग की दुकान की झांकी पर लगी जाली तोड़ कर ज्यूलरी की दुकान की चाबी उठा कर गेट का ताला खोल कर दुकान से लाखों रुपये के पुराने व नए आभूषण चुरा कर ले गए ।

#### 20 दिन पहले भी बाजार में हुई थी लाखों की चोरी

जिस ज्यूलर्स की दुकान में यह चोरी की वारदात हुई उसके सामने जनरल स्टोर व जूतों की दुकान से 8 दिसंबर को चोरों ने दुकान की छत से सेंध लगा कर लाखों रुपए के नए नोटों की माला व जूते चुरा कर चोर ले गए थे।

# चीनी मिल से 7 हजार परिवारों का जलता है चूल्हा

- किसानों का विरोध प्रदर्शन लगातार चौथे दिन भी जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



**नारायणगढ़**। धरना प्रदर्शन करते गन्ना किसान।

शुगर मिल की कुर्की और गन्ना किसानों के 100 करोड़ बकाया को लेकर किसानों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा कि जहां किसानों ने एक तरफ नव वर्ष के अवसर पर अनशन करने का फैसला लिया वहीं किसान गांव-गांव जाकर किसानों के बीच मिल और प्रशासन की पोल खोलने का काम कर रहे हैं। किसानों को एसडीएम दफ्तर के सामने चल रहे धरने प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ढींडसा ने कहा की क्षेत्र के लोगों के लिए मिल एक फैक्ट्री नहीं बल्कि बल्कि 7000 के करीब परिवारों के घर का चूल्हा चलाने और हजारों कर्मचारियों के रोजगार का साधन है लेकिन सरकारी अनदेखी व मिल मालिक की लूट खसोट पूर्ण नीतियों के कारण किसानों व मजदूरों के लिए ही मुसीबत का सबसे नही है बल्कि सरकार के लिए भी सिर दर्द बनी हुई है। सरकार और प्रशासन अपनी जम्मिवारी से पल्ला झाड़ रहे है और कीसानो को उनके हाल पर छोड़कर प्रचार के सहारे हैं। शहीद भगत सिंह यूनियन के उपाध्यक्ष वक्रिम राणा ने कहा की वह कीसानो के प्रति समर्पित हैं और ईमानदारी से उनकी लड़ाई लड़ रहे हैं।

### डॉक्टर से मारपीट करने वाली एएनएम सस्पेंड

- एसडीओ बिजली निगम को नोटिस जारी, डिपो की रासन सप्लाई सस्पेंड

**इसराना**। राज्य सभा से सांसद कृष्ण लाल पंवार ने गांव मांडी पीएचसी के मेडिकल ऑफिसर डॉ राजीव सिंगला के साथ मारपीट करे की आरोपी एएनएम गुणवती को पद से निलंबित कर दिया है। वहीं पंवार ने गांव गवालडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा और जनसंवाद कार्यक्रम में जनसुनवाई की। इधर, बिजली विभाग से संबंधित शिकायत आने पर जब एसडीओ इसराना को पुकारा गया तो उनके स्थान पर एएलएम मिलने पर सांसद पंवार ने एसडीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# गुढ़ा गैस प्लांट में ट्रक व टैंकर चालकों ने की हड़ताल

- ट्रक चालकों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

प्रदेश सरकार द्वारा लागू किए जाने वाले नए कानून के विरोध में गुढ़ा गैस प्लांट में कार्यरत हजारों ट्रक व टैंकरों चालकों ने हड़ताल शुरू कर दी। ट्रक चालकों ने चक्का जाम करते हुए गुढ़ा गैस प्लांट के गेट के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस कानून को लेकर आमजन में भी रोष है।

शनिवार को गुढ़ा गैस प्लांट में कार्यरत हजारों ट्रक में टैंकर चालक गैस प्लांट के मेन गेट के सामने एकत्रित हो गए। उन्होंने गेट के सामने टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।



ट्रक चालक कर्मवीर सुरेंद्र वक्रिम सुरेश आदि ने बताया कि सरकार द्वारा हाल ही में हिट एंड रन कानून में नया प्रावधान किया है जिसके चलते अगर कोई ट्रक या टैंकर चालक जीटी रोड पर चलता है और उसके नीचे गलती से कोई व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है या उसकी मौत हो जाती है तो नए नियमों के अनुसार ट्रक चालक को 10 साल की कैद या कम से कम 7 लाख रुपए जुर्माना किया जाएगा। जिसके कारण ट्रक या टंकरो चालकों में सड़क पर गाड़ी चलाने में ही खौफ पैदा होने लगा है। ट्रक चालकों का कहना है कि वह जीटी रोड पर दिन रात चलते हैं और कोई भी ट्रक या अन्य वाहन चालक जानबूझकर किसी का एक्सीडेंट नहीं करता। पहले कानून में यह प्रावधान था कि अगर किसी ट्रक या टैंकर चालक से गलती में कोई एक्सीडेंट हो जाता है और या कोई उसके ट्रैक या टैंकर के नीचे आकर कोई व्यक्ति मर जाता है तो उसको न्यायालय द्वारा जमानत दे दी जाती थी।

#### घरेलू गैस की किल्लत बढ़ने की आशंका

बता दे की गुढ़ा गैस प्लांट में हजारों की तादाद में ट्रक या टैंकर प्रतिदिन गैस सिलेंडर का आवागमन करते हैं। ट्रक चालकों द्वारा अचानक ही हड़ताल पर चले जाने से आने वाले समय में घरेलू गैस की भी की कल्ल्ति बढ़ जाने के आसार हैं। ट्रक चालकों ने मांग की है कि सरकार इस नियम में संशोधन कर चालकों के भविष्य के बारे में अवश्य सोचे।

## 5366 अभ्यार्थियों में से 4148 अभ्यार्थियों ने दी परीक्षा, 1218 अभ्याथी रहे अनुपस्थित

# सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा जिला में शांतिपूर्वक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र**। परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा जिला में शांतिपूर्वक हुई। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई। परीक्षा के नोडल अधिकारी एसडीएम सुरेंद्र पाल ने बताया कि परीक्षा के लिए 5366 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 4148 अभ्याार्थियों ने परीक्षा दी व 1218 अभ्याथी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए सुबह के सत्र में 3858 परीक्षार्थी व सायं के सत्र में 1508 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया हुआ था। सुबह के सत्र में 2804 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी व 1054 अभ्यार्थी अनुपस्थित रहे। वही सांय के सत्र में 1344 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी व 164 अनुपस्थित रहे। सुबह के सत्र के लिए 15 व सांय के सत्र के लिए 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए। सुबह के सत्र में सवा 10 बजे परीक्षा शुरू हुई व दोपहर के सत्र में सवा 3 बजे परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले ही परीक्षार्थी अपने-अपने सेंटरों पर पहुंचने शुरु हो गए थे। सुबह के सत्र में कुछ परीक्षार्थी कड़कड़ाती ठंड में अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे तो कई परीक्षार्थी शुक्रवार शाम को ही पहुंच गए थे जोकि धर्मशालाओं व होटलों में ठहरे।

#### परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 रही लागू

परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू रही व आसपास फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रही। परीक्षा के दौरान हर परीक्षा केंद्र पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। प्रशासन परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैदी से तैनात रहा। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की गई। सीसीटीवी से परीक्षा केंद्रों पर विशेष तौर पर निगरानी रखी गई। बायोमेट्रिक तकनीकी से परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

#### परीक्षार्थियों की गहनता से जांच की

परीक्षा के मध्यनजर जिला में बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की गहनता से जांच की गई। अभ्यर्थियों को एग्जाम हॉल में ही पेन दिया गया। केंद्र के अंदर अभ्यार्थियों ने पर्यवेक्षक की मौजूदगी में एडमिट कार्ड पर दी गई जगह पर अपने साइन और अंगूठे का निशान लगाया। अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, अंगूठी, चेन, कान की बाली आदि पहनने वाले आभूषण, पेन, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर और करेक्शन फ्लूड इत्यादि कुछ भी सामान नही ले जाने दिया गया।

# सीएससी के संचालक से 1.30 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

कार सवार बदमाशों ने कामन सर्विस सेंटर यानि सीएससी के संचालक राहुल निवासी बाबरपुर मंडी से 1.30 रूपये की नगदी लूट ली। घटना शनिवार रात साढ़े नौ बजे के करीब की है, जब वो गांव फरीदपुर स्थित अपने सेंटर को बंद करके घर लौट रहा था। तभी बदमाशों ने टीडीआइ पुल के ऊपर उसकी बाइक के सामने अपनी कार लगाई और पिस्तौल दिखा पैसे वाला बैग छीनकर फरार हो गए। वहीं राहुल ने डायल 112 के जरिये सूचना पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। इधर, राहुल ने सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी। उसका गांव फरीदपुर में सिंगला कम्यूनिकेशन के नाम से मोबाइल, मनी ट्रांसफर व सीएससी सेंटर है। वहीं टीडीआइ पुल के ऊपर पहुंचा तो पीछे से सफेद रंग की गुजरात नंबर की कार आई। कार चालक ने उसकी बाइक को ओवरटेक करते हुए अपनी कार को बाइक के आगे अड़ा दिया। वो कुछ समझ पाता, इससे पहले ही कार से दो युवक नीचे उतरे। उनमें से एक के पास पिस्तौल थी। दोनों उसके साथ हाथापाई करने लगे।

## खबर संक्षेप

### एमएएसडी पब्लिक स्कूल के देव ने जीता कांस्य पदक

**पानीपत।** एमएएसडी पब्लिक स्कूल के छात्र देव ने राष्ट्रीय स्तर पर शिमला में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल स्कूल शुटिंग चैंपियनशिप में देश भर से अनेक स्कूलों से आए हुए हजारों प्रतिभागियों को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। प्रधानाचार्या डॉ.बबीता भारद्वाज ने देव का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया और उज्वल भविष्य का आर्शीवाद दिया।

### संकल्प यात्रा में देश सेवा का संकल्प लिया

**पानीपत।** विकसित भारत जन संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण छौक्कर का गांव नरायणा सरपंच प्रमोद शर्मा ने बुका देकर स्वागत किया। छौक्कर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे।

### सनौली में कंबल वितरण आज

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली खुर्द की अनाज मंडी में 31 दिसंबर को द्वितीय चरण के कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हलके के सभी बड़े बुजुर्गों एवं महिलाओं का सम्मान मुख्य अतिथि जनसेवक शशिकांत कौशिक द्वारा कंबल वितरित कर किया जाएगा।

### सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**पानीपत।** समाज में महिलाओं और लड़कियों के प्रति बढ़ते हुए अपराधों के प्रति छात्राओं में जागरूकता लाने के लिए एस डी विद्या मंदिर हुडा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन की तरफ से मुख्य वक्ता रेणु तथा ज्योति ने छठी से बारहवीं तक की छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को वुमेन चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में बताया कि बच्चे असुरक्षित होने पर वुमेन चाइल्ड हेल्पलाइन में फोन कर सकते हैं।

### केवल भाजपा ही हर वर्ग की हितैषी

**पानीपत।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने मॉडल टाउन स्थित वार्ड 20 और 21 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बात और मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने हर परिवार को एक परिवार पहचान पत्र दिया है ताकि सभी को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

देश के लिए घटे लम्हों को अपनी कविता में उजागर किया

# कहीं गम तो कहीं खुशियां देकर बीत गया वर्ष 2023

- प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार सचिन हीरो ने वर्ष 2023 में देश में घटी घटनाओं को अपनी कविता के माध्यम से किया उजागर
- स्वयंसेवी संस्था जनसेवा समिति द्वारा शहर के मॉडल टाउन में आयोजित कार्यक्रम में कवि ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** एक कार्यक्रम में अपनी कविता की पंक्तियों को सुनाते हुए युवा कवि एवं गीतकार सचिन हीरो।

हरियाणा एवं उत्तराखंड के प्रसिद्ध युवा कवि एवं गीतकार सचिन हीरो ने वर्ष 2023 में देश के लिए घटे लम्हों को अपनी कविता में उजागर किया है। उन्होंने शनिवार को यमुनानगर के मॉडल टाउन में स्वयंसेवी संस्था जनसेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर उन्होंने अपनी कविता प्रस्तुत करते हुए बीते वर्ष के हर महीने देश में क्या हुआ के बारे में अपने विचार कविता के माध्यम से प्रस्तुत किए। कवि एवं गीतकार सचिन ने अपनी कविता का शुभारंभ कैसा रहा वर्ष 2023, सारी बात तुम्हे बताते हैं शब्द बोलकर शुरु किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले आयी जनवरी,साल की खराब शुरुआत हुई, कुश्ती की महिला पहलवान, बृजभूषण शरण के खिलाफ हुई। यौन हिंसा व दुर्व्यवहार का, पहलवानों ने आरोप लगाया था, राजनीति ने जातिवाद का तड़का खूब लगाया था। इसके बाद फिर आई फरवरी, जिसका सुखद परिणाम मिला, भारतीय क्रिकेट टीम को,आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला,यह पहला अवसर था जब भारत ने परचम लहराया था, क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में भारत नंबर वन पर आया था। मार्च महीना राजनीति में उठा पठक ले आया था,सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी को दोषी ठहराया था, राहुल गांधी लोकसभा मेंअयोग्य घोषित ठहराए गए, कांग्रेस ने इस विरोध में खूब प्रदर्शन किए थे। अप्रैल माह के प्रारंभ में भारत ने अनोखा इतिहास रचा, चीन को पीछे छोड़ के भारत सबसे आबादी वाला देश बना, गैंगस्टर अतीक अहमद और अशरफ की गोली लगने से मौत हुई और कट्टरपंथी अमृतपाल भी अप्रैल में ही जेल पहुंचाया था। मई माह ने आते ही मणिपुर में हिंसा भड़काई थी, मैतई और कुकी समुदाय ने अपनों की चिता जलाई थी। मई महीने में ही भारत को अच्छा यह एहसास मिला, मेरे भारत को नई संसद भवन का जो उपहार मिला। जून महीने में फिर से भारत पर काला साया मंडराया था, उड़ीसा में कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन हादसा गहराया था,मासूम 300 लोगों की लाशों ने कोहराम मचाया था, जुलाई महीना महिलाओं के अस्तित्व पर चोट ले कर आया,मणिपुर का एक शर्मनाक वीडियो इसी महीने सामने आया, इसी महीने हिमाचल में भूस्खलन बाढ़ से भारी तबाही आई थी। अगस्त माह ने आते ही खुशियों का बिगुल बजाया था, चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चांद की सतह पर लैंड कराया था, दक्षिण ध्रुव पर उतरने वाला भारत इकलौता देश बना,संपूर्ण विश्व में बधाइयां दी,भारत का मस्तक चंद्रमा सा खिला। 20 के शिखर सम्मेलन से सितंबर माह का आगाज हुआ, अक्टूबर आते ही भारत ने 20 समिट सम्मेलन करवाया था, इसी महीने देश के खिलाड़ी चीन में 107 पदक जीत कर लाए थे, नवंबर माह में 41 मजदूर फंसे सुरंग में,यह खबर सुनकर हर भारतीय घबराया था, वर्ल्ड कप की हार ने भारतीयों की,आंखें आंसूओं से छलकाई थी। दिसंबर माह ने 41 मजदूरों को,उनके परिजनों से मिलवाया है, वहीं, तीन राज्यों में भाजपा ने जीत का परचम फहराया है, इसी दिसंबर में अयोध्या जंक्शन का नाम अयोध्या धाम हुआ है, मोदी ने एयरपोर्ट का नाम भी रामायण के रचियता महर्षि श्रीवाल्मीकि के नाम पर स्थापित कर अयोध्या की महिमा को बढ़ाया है।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज में विदाई समारोह

- विदाई समारोह में कॉलेज स्टॉफ ने लोक प्रशासन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मीनू कपूर की सेवानिवृति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर के गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित विदाई समारोह में डॉ. मीनू कपूर को उपहार देकर विदाई देते हुए प्राचार्य व स्टॉफ सदस्य।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत हुई कॉलेज की लोक प्रशासन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मीनू कपूर को विदाई दी गई। मौके पर कॉलेज स्टॉफ ने उन्हें उपहार भेंटकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर हरिंदर सिंह कंग ने डॉ. मीनू कपूर को उनकी सेवा निवृत्ति के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने कॉलेज के लिए अपने जीवन का सबसे कीमती समय दिया है। जिसमें बहुत से विद्यार्थी आपके मार्ग दर्शन मैं आसमान की नई ऊंचाई छू रहें हैं और कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उन्हें शुभकामनाएं दी कि वे आपने आने वाले जीवन में तंदरुस्त एवं स्वस्थ रहें। कॉलेज प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने डॉ. मीनू कपूर को उनकी सेवानिवृत पर शुभकामनाएं दी व कार्यक्रम के सफलत आयोजन पर विभाग एवं सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा अक्षत जनजागरण यात्रा निकाली

- जनजागरण यात्रा में गऊ माता की आकर्षक झांकी रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

धार्मिक संगठनों द्वारा शनिवार को शहर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा अक्षत जनजागरण यात्रा धूमधाम से निकाली गई। खास बात यह रही कि जनजागरण यात्रा में गऊ माता को आकर्षक रुप से सजाकर झांकी निकाली गई। जनजागरण यात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल श्रद्धालु जय श्रीराम का जयघोष करते हुए चल रहे थे। जिससे वातावरण श्रीराममय बना हुआ था। यात्रा के संयोजक राजन बजाज व जिला संघ चालक सेवा राम ने यात्रा की आगुवाई की। संयोजक राजन बजाज ने बताया कि अक्षत शोभायात्रा में गाय माता के पीछे सभी श्रद्धालु गण जय श्रीराम के जयकारे व भजन गाते हुए चल रहे थे। वहीं, जगह-जगह यात्रा पर लोगों द्वारा फूलों की वर्षा की जा रही थी। मौके



पर जिला संघ चालक सेवाराम ने बताया कि श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा अक्षत पूजन अभियान के तहत नगर में अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत (पीले चावल) लेकर जागरण यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहर के मॉडल टाउन के श्री कृष्ण मंदिर से शुरु होकर नगर के बस स्टैंड, शनि मंदिर, टैगोर गार्डन, श्री गायत्री मंदिर, श्याम नगर, श्री सत्यनारायण मंदिर, प्रेम नगर समेत अन्य मार्गों से होती हुई अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई।

## रादौर के सुढ़ल व सुढैल समेत पांच गांव में आयोजित हुए जनसंवाद कार्यक्रम

- विकसित भारत संकल्प यात्रा का पांचों गांव में हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव सुढ़ल, सुढ़ैल, मारुपुर, रोड़ छप्पर व बरहेड़ी में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉले लगाई गई।

इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने भाग लेकर ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई


**यमुनानगर।** रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव सुढ़ल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को शपथ दिलाते पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज।

गई। पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि सरकार विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनता के घर द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से गांव जनपद और देश विकसित होगा। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के क्रियान्वयन के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वामित्व योजना के तहत राजीव, कर्मबीर, गुरदयाल सिंह, धर्मबीर, जय प्रकाश व राज कुमार को रजिस्ट्री वितरित की गई तथा प्रगतिशील किसानों प्रिंस व कर्म सिंह को सम्मानित किया गया। इसी तरह उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों हिमांशू, दीपांशू व मीनाक्षी को सम्मानित किया गया।

## 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' सिद्धांत पर करें काम

- चारों विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी के जिला कार्यालय में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी के चारों विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री फनींदरनाथ शर्मा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री फनींदरनाथ शर्मा ने बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुट जाने के लिए आहवान किया।



**यमुनानगर।** भाजपा की जिलास्तरीय कार्यकर्ता बैठक में कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करते हुए पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री फनींदरनाथ शर्मा।

उन्होंने कहा कि हमें नरेंद्र मोदी सरकार के लगभग 10 वषोंर् के व मनोहर सरकार के 9 वषोंर् के विकास कायोंर् को जनता तक लेकर जाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रत्येक योग्य पात्र व्यक्ति तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ पहुंचे इसकी तैयारी करें। पीएम मोदी की गारंटी की गाड़ी गांव गांव जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर देश की जनता भरोसा विश्वास कर रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को बूथ पर काम करने की सबसे ज्यादा जरूरत है। भाजपा कार्यकर्ता मेहनत कर हर बूथ पर वोट बढ़ाने का काम करें। भाजपा कार्यकर्ता अपने अपने बूथ की चिन्ता करें व बूथ स्तर पर रहने वाली जनता के सम्पर्क में रहें। भाजपा कार्यकर्ता मेरा बूथ सबसे मजबूत, बूथ जीता चुनाव जीता के सिद्धांत पर चलते हुए कार्य करें। भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। भाजपा का प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात हर महीने अवश्य सुनें व अपने आस पास रहने वाले लोगों के लिए भी मन की बात कार्यक्त्रम सुनने की व्यवस्था करें इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। शर्मा ने कहा कि सैंकड़ों वषोंर् की तपस्या व संघर्ष के बाद अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर के निर्माण का कार्य पूर्ण होने जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री कंवरपाल, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर मदन चौहान, पूर्व विधायक बलवंत सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव काम्बोज आदि मौजूद थे।

## फैक्टरी से लाखों का सामान चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के बाड़ी माजरा स्थित प्लाइवुड फैक्टरी की दीवार तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शास्त्री कॉलोनी निवासी केशव मानकटाहला ने बताया कि उसकी बाड़ी माजरा में प्लाइवुड की फैक्टरी है। वह 28 दिंसबर को फैक्टरी से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह उसने सूचना मिली कि चोरों ने उसकी फैक्टरी की दीवार तोड़कर सामान चोरी कर लिया है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। जांच करने पर फैक्टरी से छह मोटरें, फर्म बैग तथा उसके कार्यालय का ताला तोड़कर सामान चोरी किया है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव रतनगढ़ निवासी अनुपम कुमार ने बताया कि उसके घर के पास मनियारी की दुकान है। वह शाम को दुकान बंद करके अपने घर आ गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर दुकान से गल्ले में रखे छह हजार रुपये तथा काफी सामान गायब मिला।

## जरुरतमंदों की सेवा से समाज बनेगा बेहतर

- रोटरी क्लब रादौर द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रोटरी क्लब रादौर द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में कस्बा स्थित त्रिवेणी गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में क्लब के डिस्ट्रिक गर्वनर अरूण मोंगिया ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में समाजसेवी संदीप गर्ग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से किया गया। क्लब के प्रधान मंजीत सिंह पंजेटा की देखरेख में आयोजित हुए कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की 30


**यमुनानगर।** रादौर में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते सदस्य। फोटो :हरिभूमि

से अधिक महिला सदस्यों को समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिजली निगम से सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता बलवान सिंह व सुरेश सांगवान बापौली को मुख्यातिथि डिस्ट्रिक गर्वनर अरूण मोंगिया ने बैज लगाकर व प्रमाणपत्र देकर क्लब की सदस्यता प्रदान की। मौके पर एलसीडी स्क्रीन पर क्लब की ओर से मौजूदा कार्यकारिणी द्वारा करवाए गए कायोंर् को दिखाया गया। मुख्यातिथि डिस्ट्रिक गर्वनर अरुण मोंगिया ने कहा कि रादौर क्लब की ओर से नगरपालिका पार्क के रखरखाव का बीड़ा उठाया गया है। यह एक सराहनीय कदम है। क्लब की ओर से पार्क में सुंदर व्यवस्था की गई है। जिसका लाभ रादौर के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब दुनियाभर में मानवता की भलाई के कार्य कर रही है। सभी को समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। तभी हम समाज को बेहतर बना सकते है। इस अवसर पर समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि रोटरी दुनिया के 200 से अधिक देशों में मानवता की भलाई के लिए कार्य कर रही है।


यमुनानगर के डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विजेता खिलाड़ी पुरस्कार

## किड्स जैवलिन प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा के रूद्र प्रताप ने जीता स्वर्ण पदक

*यमुनानगर। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी के विद्यार्थियों ने जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा शहर में आयोजित करवाई गई डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदकों समेत 11 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। शनिवार को विजेता खिलाड़ियों के स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्य व स्टॉफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। किड्स जैवलिन प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा के रूद्र प्रताप ने स्वर्ण पदक, लवप्रीत व नौंवी कक्षा महक ने रजत पदक जीता है। वहीं, आठवीं कक्षा के जतिन यादव ने कांस्य पदक प्राप्त किया। नौंवी कक्षा की साक्षी ने दो किलोमीटर तथा 600 मीटर रेस में कांस्य पदक व हिमांशु ने भी छह सौ मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इसी तरह नौवीं कक्षा के आरव व आठवीं कक्षा के जतिन यादव ने लॉंग जंप में कांस्य पदक प्राप्त किया। तक्ष्य ने हाई जम्प में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। नौंवी कक्षा की महक ने शार्ट पुट में रजत पदक प्राप्त किया।*

**कार्यक्रम** जगाधरी व साढ़ौरा क्षेत्र के आधा दर्जन गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत

# देश और प्रदेश में चल रहा है व्यवस्था परिवर्तन का दौर: कंवरपाल

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी क्षेत्र के गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




**यमुनानगर ।** जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव मुकारमपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल वे साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के गांव नगली-32 में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का अवलोकन करते पूर्व विधायक बलवंत सिंह।

हरियाणा के शिक्षा मंत्री, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की आगुवाई में देश और प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर चल रहा है। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को उनके घरद्वार पर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने उक्त शब्द शनिवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गांव मुकारमपुर, खिलांवाला, ऊर्जनी व बलौली गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कहे।

मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया और लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इससे देश और प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर चल रहा है। देश के वंचित लोगो को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी। समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। मौके पर उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत कई लाभ पात्रों को रजिस्ट्री वितरित की गई। स्कूल के विद्यार्थियों को अपनी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। मौके पर कई लाभपात्रों की बुढ़ापा पेंशन व आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड बनाए गए तथा इस मौके पर आधार कार्ड भी अपडेट किए गए।

### साढ़ौरा के नगली-32 समेत चार गांव में पहुंची यात्रा

साढ़ौरा विधानसभा के गांव नगली-32, महियूद्दीनपुर, स्लेमपुर कोही व रामपुर जाटान में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में पूर्व विधायक बलवंत सिंह व विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका मौजूद रहे।

## युवक को विदेश भेजने के नाम पर मांगे गए दस्तावेज नहीं लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जडौदा निवासी हर्ष धीमान से विदेश भेजने के नाम पर लिए गए दस्तावेज आरोपियों ने वापस नहीं किए। आरोपी हर्ष से दस्तावेज वापस देने के लिए 50 हजार रुपये मांग करने लगे। पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जडौदा निवासी हर्ष धीमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात पांवटा साहिब निवासी दमनप्रीत, सोफी संधू व बूडिया निवासी रोहित वत्स के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी विदेश भेज देंगे। इसके लिए आरोपियों ने उसे दस्तावेज लेकर अपने छछरौली रोड पर त्रिकोणी चौक के पास अपने कार्यालय में बुलाया। वह आरोपियों पर विश्वास करके अपने दस्तावेज लेकर उसने मिलने के लिए चला गया। आरोपियों ने उसे आस्ट्रेलिया भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए आरोपियों ने 26 लाख रुपये मांगे और उसके दस्तावेज रख लिए। उसने आरोपियों को सारे पैसे आस्ट्रेलिया जाने के बाद देने तय किए। मगर आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब वह आरोपियों से अपने दस्तावेज वापस मांगने लगा तो आरोपियों ने दस्तावेज वापस देने से मना कर दिया। आरोपियों ने उसे दस्तावेज वापस लेने के लिए 50 हजार रुपये देने को कहा।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक 2 जनवरी को

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंधों को लेकर 2 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे एक बैठक का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार में किया जाएगा। सभी अधिकारी निश्चित तिथि को समय पर बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

### खेलों में भाग लेने से होता शारीरिक विकास

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तरीय मात्सोगी-डू तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि वाइस चांसलर आरएस यादव रहे। उनके स्वागत में किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर:3 के छात्रों द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया गया। लगभग 18 राज्यों से विभिन्न आयु वर्ग की छात्राओं ने अपने-अपने कोच के साथ वहां आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी: सचिन

**लाडवा।** साईग्रेस इंटरनेशनल स्कूल ने समालखा रोड पर स्थित अपने फार्म हाउस में पहले वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सचिन गर्ग ने शिरकत की। स्कूल के सभी बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर खेलकूद के प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में अलग-अलग तरह की कई गेम्स हुई जैसे की 50 मीटर रेस, फ्रॉग रेस, स्केटिंग, और इसी के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति पर एक प्रस्तुति भी स्कूली बच्चों द्वारा दी गई।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 3 जनवरी को

**कुरुक्षेत्र।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 3 जनवरी 2024 को सायं 4 बजे न्यू लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस मासिक बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के स्थानीय निकाय एवं आवास मंत्री डा. कमल गुप्ता करेंगे। इस मासिक बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों और अधिकारियों को भेज दिया गया है। यह जानकारी उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी समय रहते बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

---

अलविदा-2023: जिलेवासियों के लिए उम्मीदों से भरा रहेगा नया साल

# एलएनजेपी अस्पताल को मिलेगी सौ बेड वाले इमारत की सौगात

वर्ष-2023 जिला वासियों व पुलिस के लिए काफी उत्साह भरा रहा और 2024 से भी काफी उम्मीदे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग।

नववर्ष 2024 में जिला वासियों को एलएनजेपी अस्पताल में 100 बेड की एक और इमारत की सौगात मिलेगी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के पास बजट आ गया है। 100 बेड की सात मंजिला भू-तल सहित एक और इमारत पर 88 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे पहले एलएनजेपी अस्पताल को 100 बेड की चार मंजिला इमारत की सौगात वर्ष 2020 में मिल चुकी है। सात मंजिला इमारत बनने के प्रस्ताव से विभाग 200 बेड का अस्पताल होने का दावा कर रहा है। अब नए साल में अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को गिराकर इसकी जगह पर 100 बैड का अस्पताल तैयार किया जाएगा। नई इमारत के निर्माण से अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हो जाएगा। नई इमारत में प्रशासनिक भवन, सभी प्रकार के ओपीडी विभाग, नवजात शिशु देखरेख इकाई, तीन ऑपरेशन थियेटर और अत्याधुनिक प्रसूति विभाग सहित भू-तल पर पार्किंग की सुविधा भी होगी। नई इमारत के भू-तल पर पार्किंग और विभाग के स्टोर बनाए जाएंगे। इसके ऊपर ही सभी विभाग की ओपीडी होगी ताकि मरीजों को ऊपर-नीचे भटकना न पड़े। पहली मंजिल पर भी ओपीडी और लेबी का निर्माण होगा। दूसरी मंजिल पर ब्लड बैंक, आईसीयू और प्रसूति विभाग स्थापित किया जाएगा। तीसरी मंजिल पर डायलिसिस और प्रसूति ऑपरेशन थिएटर बनाया जाएगा। चौथी मंजिल पर तीन ऑपरेशन थिएटर होंगे, जबकि पांचवीं पर पुरुष एवं महिला वार्ड स्थापित किया जाएगा। छठी मंजिल पर निजी कक्ष और सातवीं पर प्रशासनिक भवन व स्टोर स्थापित किए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी डिवीजन-एक के कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल ने बताया कि इमारत के निर्माण के लिए बजट उनके विभाग को मिल चुका है।

### *नई इमारत बनने से नही होगी दिक्कत : विधायक*

*थानेसर विधायक सुभाष सुधा का कहना है कि सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2014 में मुख्यमंत्री के समक्ष एलएनजेपी अस्पताल को 50 बेड से 100 बेड का अस्पताल करने की मांग रखी थी और सरकार ने इस अस्पताल को 100 बेड का करके नगरवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने का काम किया। इसके बाद सरकार से 100 से 200 बेड का अस्पताल करने का प्रस्ताव रखा था और इस प्रस्ताव पर सरकार ने 200 बेड के अस्पताल की मंजूरी दे थी। अब नए साल में इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके बनने से मरीजों को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा।*

### आईपीडी में 100 ही बेड

एलएनजेपी अस्पताल 100 बेड का जरूर है, लेकिन इसमें मरीजों की संख्या 200 से ज्यादा रहती है। कई बार तो एक-एक बेड पर तीन से ज्यादा मरीज दाखिल करने पड़ते हैं, जबकि अस्पताल में 100 ही बेड की स्वीकृति है। मगर मरीजों की संख्या दोगुनी और कभी-कभी तीन गुना संख्या रहती है। ऐसे में यहां एक और 100 बेड की इमारत की जरूरत है। दरअसल एलएनजेपी अस्पताल की 39 करोड़ की लागत से जो इमारत तैयार हुई है उसमें सिर्फ आपातकाल विभाग, आपरेशन थियेटर, वार्ड और प्राइवेट रूम बनाए गए थे। मगर कोविड-19 आने के चलते पुराने 100 बेड की इमारत को आइसोलेशन वार्ड में तब्दील करना पड़ा और नई इमारत में ओपीडी से लेकर तमाम कार्यालयों को शिफ्ट करना पड़ा। प्राइवेट रूम को चिकित्सकों की ओपीडी बनानी पड़ी।

### पुलिस के लिए उपलब्धियों से भरा रहा साल 2023


एसपी सुरेन्द्र सिहं भोरिया।

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिहं भोरिया के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यवाई करते हुए वर्ष 2023 के दौरान अपराधों पर अंकुश लगाने मे कामयाब रही। जिला पुलिस के लिए वर्ष 2023 उपलब्धियों भरा रहा। जिला पुलिस ने वर्ष 2023 में विभिन्न गिरोह के बदमाशों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र पुलिस की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप वर्ष 2023 के दौरान हत्या के 26 मामलों में से 22 वारदातों को सुलझाते हुए 38 आरोपियों को काबू कर सलाखो के पीछे भेजकर पीड़ितों को न्याय दिलवाया गया। इसी प्रकार गृह भेदन, आर्म्स एक्ट, स्नैचिंग, वाहन चोरी, साधारण चोरी व ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले 38 गैगों से जुड़े 103 आरोपियों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। आरोपियों से 01 करोड़ 82 लाख 60 हजार 535 रूपए की चोरीशुदा संपत्ति व नगदी बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने बताया कि अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के साथ ही पुलिस टीम ने वर्ष 2023 में आर्म्स एक्ट के तहत 51 अभियोग दर्ज कर 72 आरोपियों से 16 देसी पिस्तौल, 41 देसी कट्टे, 121 जिंदा रौंद, 01 मैगजीन व 02 चाकू बरामद किये गए। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 422 आरोपियों को करोडो रूपए के मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर को जेल भेजा गया।



### स्वयं सेविकाओं को आत्मरक्षा के टिप्स

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण मार्शल आर्ट्स संस्थान द्वारा श्री मति केसरी देवी लोहिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहार माजरा की स्वयं सेविकाओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए गए। संस्थान के अध्यक्ष व मुख्य प्रशिक्षक राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वयं सेविकाओं को सेल्फ डिफेंस की प्रभावी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया जिन्हें सीख कर विपरीत परिस्थितियों में छात्राएं ने केवल अपना बचाव करने में सक्षम हो सकती हैं बल्कि असामाजिक तत्वों को मुंह तोड़ जवाब देकर करारा सबक भी सिखा सकती हैं। उन्होंने बताया कि सेल्फ डिफेंस का सबसे पहला सबक यह है कि हम गलत के विरुद्ध आवाज उठाना सीखें। क्योंकि हमारे चुप रहने से असामाजिक तत्वों का हौसला बहुत ही बढ़ जाता है और वह फिर से वही गलती दोहराता है। कैम्प मे छात्राओं को बताया गया की छेड़छाड़ की दशा में उन्हें चुप न रह कर विरोधी को करारा जवाब देना है व अपने अभिभावकों और शिक्षकों को तुरंत सूचित करना है और यदि आवश्यक हो तो तुरंत पुलिस को सूचना देनी है।



### फेडरल बैंक ने इंटरक्टिव पैनल किया भेंट

**कुरुक्षेत्र।** मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा सीएसआर योजना के अन्तर्गत एक इंटरक्टिव पैनल गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। यह एक बहुउद्देशीय उपकरण होने के नाते, विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के लिए सहायक रहेगा। इस उपकरण को विद्यालय के 25000 पुस्तकों से सुसज्जित डिजिटल पुस्तकालय में लगाया गया है। छात्र अपनी सीखने की क्षमता, पाठ्यक्रम संबंधी ऑडियो-वीडियो आदि के लिए इसकी क्षमताओं का उपयोग करेंगे, जिससे उनकी शैक्षणिक योग्यता में अभिवृद्धि होगी। निःसंदेह इस पैनल के माध्यम से विद्यालय में शैक्षिक बुनियादी ढांचे में वृद्धि होगी। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ घनश्याम शर्मा जी द्वारा इंटरक्टिव पैनल का उद्घाटन कर फेडरल बैंक के नोर्थ एवं ईस्ट हैड श्री कमल चुघ का इस उपहार के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के अन्य सदस्य, विद्यालय प्राचार्य व फेडरल बैंक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## भद्रकाली मंदिर में मनाया नववर्ष समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। हवन यज्ञ में आहुति डालते पंडित सतपाल शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

वर्ष के आखिरी शनिवार को हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में नववर्ष अभिनंदन समारोह एवं सेवा संकल्प दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने बताया कि सेवा संकल्प दिवस के मौके पर शक्तिपीठ के अन्नपूर्णा भवन में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से भव्य कुंड विधि-विधान से तैयार किया गया और इस हवन मे हजारों की संख्या में पूरे हरियाणा से माँ भद्रकाली जी के सेवक और सेविकाऐं आहूति डालने के लिए एकत्रित हुए और आने वाले नव वर्ष में और भी अधिक तन, मन और धन से संपूर्ण निष्ठा से माँ भगवती भद्रकाली जी की सेवा करने का संकल्प लिया और माँ भद्रकाली जी से प्रार्थना की कि आने वाले नव वर्ष में हमारे जीवन का मार्ग प्रशस्त करें, हमें सद्बुद्धि और सन्मार्ग में लगाएं, हम सब का जीवन अनमोल बने और हम अपने शक्तिक्षेत्र शक्तिपीठ को धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र के उत्थान के लिए कुछ कर दिखाएं। मुख्य अतिथि के तौर पर उमा सुधा और आईपीएस प्रतीक कुमार और आईपीएस शशि शेखर उपस्थित रहे। शाम को भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें मुख्य गायक जतिन शर्मा एंड पार्टी रहे। इस मौके पर शिमला देवी, हेमराज शर्मा, मीना जोशी, स्नेहिल शर्मा, डॉ अन्नू पॉल शर्मा, देवांशु शर्मा, निकुंज शर्मा, देवेंद्र गर्ग, संजीव मित्तल, सुनील वर्मा आदि रहे।

### हुड़दंगबाजी करने वालों पर रहेगी विशेष नजर

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने जिला के सभी पर्यवेक्षक अधिकारी, थाना प्रबंधक चौकी, इंचार्ज अपराध यूनिटस प्रभारियों को नव वर्ष के लिए कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। नववर्ष को देखते हुए जिला पुलिस के द्वारा किसी भी अप्रिय घटना व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी व व्यापक स्तर पर पुलिस प्रबंध किए गए हैं ताकि जिला कुरुक्षेत्र के सभी जिलावासी नव वर्ष को पूरे उत्साह और खुशी के साथ मना सकें। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस के द्वारा भीड़-भाड़ वाली जगहों, सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के स्थल पर कानून व्यवस्था व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

## धर्मशाला में वीर बाल दिवस मनाया

- बच्चों को मोबाइल व इंटरनेट की जगह पढ़ाई की ओर ध्यान लगाना चाहिए : संदीप गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा


**लाडवा।** फिगमोंक अकाडमी के संचालक समाजसेवी संदीप गर्ग को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

फिगमोंक अकाडमी की ओर से अनाजमंडी धर्मशाला में वीर बाल दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि पढ़ाई की जगह आज के बच्चे मोबाइल फोन व इंटरनेट की दुनिया में ज्यादा गुम होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी पढ़ाई की ओर ध्यान लगाना चाहिए। आज कल एक नया रिवाज चला हुआ है कि बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के बाद विदेश की ओर रूख कर लेते हैं, जो कि सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के पास ही रहकर उनकी सेवा करनी चाहिए और रोजगार के लिए हमारे देश में भी रोजगार की कोई कमी नहीं है। यहीं पर रहकर रोजगार करना चाहिए। वहीं अकाडमी के संचालक सचिन ने बताया कि पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। हमें वीर सब यादव के बारे में सभी जानकारियां होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अकाडमी की ओर से बच्चों को प्रेरित करने के लिए यह दिवस मनाया गया कि किस प्रकार माता गुजरी जी ने अपने बच्चों की बच्चों को शहीद कर दिया था। वहीं इससे पूर्व समाजसेवी संदीप गर्ग को अकाडमी की ओर से फूल गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बाबैन के प्रधान बने राजबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बाबैन का चुनाव राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन में संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक के रूप में सुखदेव,सुखविंदर व विनोद मालडा ने कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की।

सबसे पहले वर्तमान प्रधान अशोक के द्वारा अपनी कार्यकारिणी की ओर से सभी साथियों का धन्यवाद किया और पुरानी कार्यकारिणी का त्यागपत्र देते हुए उसको भंग करने की घोषणा की। उसके बाद पर्यवेक्षकों के द्वारा सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। सबसे पहले प्रधान पद के लिए सदन ने सहमति से राजबीर घिसरपड़ी को प्रधान बनाया। उप प्रधान ललित नैन, वरिष्ठ उपप्रधान राकेश रुड़की ,महासचिव मनीष गुप्ता ,कोषाध्यक्ष सोहन लाल सैनी ,ऑडिटर सुरेश कुमार इसरहेडी , सहसचिव पवन सैनी हामिदपुर, संरक्षक सुषमा कालवा, संयोजक रीटा बरगट,सलाहकार के तौर पर देवदत्त, प्रेस सचिव संदीप चौहान, संगठन सचिव अशोक सुनारिया आदि को नई कार्यकारिणी के रूप में सर्वसम्मति से जिम्मेदारी दी गई।



### रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय रेडक्रास समिति हरियाणा राज्य शाखा द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम में सात दिवसीय अन्तर्राज्जीय जूनियर रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सुषमा गुप्ता, उपाध्यक्ष, भारतीय रैडक्रास समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ मौजूद रही। शिविर निदेशक रामाशीष मंडल ने मुख्य अतिथि का शिविर में पहुंचने पर आभार व धन्यवाद किया। उन्होंने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि को बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जूनियर रैडक्रास की स्थापना, जूनियर रैडक्रास के इतिहास, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, सीपीआर, महिला सशिक्तकरण, बेटी बचाओ बेटी पढाओ आदि विभिन्न अभियानों की, विभिन्न धर्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थानों की यात्रा, जिन उदेदश्य को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था उन्हे प्राप्त करने में हम सफल रहें। संयुक्त शिविर निदेशक विनीत गाबा ने इस कैम्प मे भाग लेने वाली चण्डीगढ कार्यालय की पूरी टीम, गीता ज्ञान संस्थानम धर्मषाला का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संयुक्त शिविर निदेशक, विनीत गाबा, अकुंष, डॉ. पंकज गौड़, मीना कुमारी, अन्जू आदि मौजूद रहे।

### सरकार सदैव प्रत्येक वर्ग के साथ: नायब

**पिहोवा।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीब व्यक्तियों को समर्पित है। सरकार का मुख्य ध्येय है कि जरूरतमंद व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जाए। इसी के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है, जिसका लाभ जरूरतमंदों को सीधे तौर पर मिल रहा है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी उपमंडल पिहोवा के गांव बोडा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों जिसमें योजनाओं का लाभ व जानकारी दी जा रही थी।



### नीरज गोयल बने युवा अग्रवाल सभा के दोबारा प्रधान

**लाडवा।** श्रीअग्रवाल सभा की एक बैठक शुक्रवार शाम को लाडवा के अनाज मंडी में श्री अग्रवाल सभा के महासचिव विकास सिंघल की दुकान पर संपन्न हुई जिसमें आगामी वर्ष 2024 के लिए युवा अग्रवाल सभा के प्रधान को नियुक्त किया गया। इस बैठक में वर्ष 2024 के लिए युवा अग्रवाल सभा का प्रधान नीरज गोयल को दोबारा बनाया गया। श्री अग्रवाल सभा के महासचिव विकास सिंघल ने कहा कि जिस प्रकार नीरज जी ने पूरे वर्ष युवा अग्रवाल सभा के प्रधान पद को संभाला और समाज में अनेकों कार्य किया उनके इस कार्यों को देखते हुए उन्हें दोबारा युवा अग्रवाल सभा का प्रधान नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान नीरज गोयल ने कहा कि वह श्री अग्रवाल सभा के प्रधान दुर्गेश गोयल एवं महासचिव विकास सिंघल का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने अपना भरोसा फिर से मुझ पर दिखाया और मुझे प्रधान नियुक्त किया और मैं यह यकीन दिलाता हूं कि समाज के विकास को प्राथमिकता से बढ़ता रहूंगा और शहर के अंदर जिस प्रकार के सामाजिक कार्य मुझे होंगे मैं करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने पूरे अग्रवाल समाज को जोड़कर एक करने का कार्य करूंगा।



### किड्स डीपीएस स्कूल में मनाया विंटर डे

**कुरुक्षेत्र।** किड्स डीपीएस स्कूल मोहन नगर कुरूक्षेत्र में विंटर डे बड़ी उत्सुकता और हर्ष उल्लास से मनाया गया। इसमें बच्चों को सर्दी के मौसम से जुड़ी हुई विभिन्न जानकारियां दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य साक्षी ने बताया कि सर्दी का मौसम भारत का सबसे बड़ा ठंडा और शानदार मौसम है। इस मौसम में हर जगह ठंडक फैली रहती है। यह मौसम नवंबर से शुरू होता है और फरवरी तक खत्म होता है। शीत ऋतु भारत की चार ऋतुओं में से एक है। इस मौसम में वातावरण घने कोहरे से ढका रहता है और पहाड़ी क्षेत्र भी इस मौसम में बर्फ की चादर से ढक जाते हैं। सर्दी के मौसम में सभी लोग मोटे और ऊनी कपड़े पहनते हैं। इस मौसम में लोग गर्म खाना और गर्म पेय पदार्थ जैसे चाय,कॉफी व सूप पीना पसंद करते हैं। इस मौसम को स्वास्थ्य निर्माण का मौसम भी कहते हैं क्योंकि इस मौसम में ताजी व हरी सब्जियां जैसे मेथी, गाजर , पालक इत्यादि और जूसी फल जैसे अंगूर, संतरा इत्यादि खाने को मिलते हैं जोकि हमारे शरीर में चुस्ती व फुर्ती लाते हैं। यह केवल बर्फ के घरों तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसमें पारंपरिक तंबू, सॉड गृह , बहकर आई लकड़ियों से बने घर और आधुनिक इमारतें शामिल है। इस अवसर पर बच्चों को रेवड़ी तथा चॉकलेट युक्त दूध दिया गया। बच्चों ने इसका बहुत आनंद लिया।

### मुख्याध्यापक जसपाल सिंह को दी विदाई

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाना में कार्यरत मुख्याध्यापक सरदार जसपाल सिंह 38 वर्ष की बेदाग सरकारी सेवा उपरांत हुए सेवानिवृत। वह जिस भी स्कूल में कार्यरत रहे उन्होंने छात्रों को विकसित करने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी। उन्होंने अपने गणित के विषय का अध्यापन कार्य करवाते हुए बहुत सारे बच्चों को मेरिट में स्थान दिलवाया। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाना में सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें गांव दीवाना के सरपंच रामनाथ सैनी, पहेवा के खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग, चेयरमैन गुरमेल सिंह, अध्यापक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ,गांव कैंथला खुर्द के सरपंच सरदार बलदेव सिंह सैनी, पूर्व हेडमास्टर दलबीर आदि रहे।

शीतकालीन उत्सव में एक अनोखी पहल

# शीतकालीन उत्सव में सैनिकों की पत्नियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा


लाडवा। लेफ्टिनेंट कर्नल गुरविंदर सिंह के साथ स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा-लाडवा ने 30 दिसंबर 2023 को अपने वार्षिक शीतकालीन उत्सव का आयोजन मौज-मस्ती और उल्लास से किया। लेफ्टिनेंट कर्नल गुरविंदर सिंह, निदेशक सेना कल्याण संगठन, अंबाला कैंट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। उनके साथ सूबेदार श्याम लाल भी थे। दोनों अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने अलग अलग राज्यों के लोकनृत्य जैसे भांगड़ा, गरबा, हरियाणवी, घूमर सहित शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल गुरविंदर सिंह द्वारा प्रिंसिपल धर्मेंद्र खेड़ा, उप-प्रिंसिपल नरेंद्र शर्मा और शिक्षकों की उपस्थिति में सेना के जवानों के जीवनसाथियों को सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल गुरविंदर सिंह ने कहा कि स्कूल आना उनका सौभाग्य है और उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना के जवान देश की सीमाओं की रक्षा करके बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और उनके जीवनसाथी भी बच्चों और घर की हर देखभाल करके उतना ही अच्छा काम कर रहे हैं। सेना के जवानों और उनके जीवनसाथी दोनों की सेवाएं निस्वार्थता और बलिदान की प्रतीक हैं। इस अवसर पर राजबीर शर्मा, पूनम शर्मा, कविता लालर, परमजीत कौर, रजनी गाबा, अजय गुप्ता, रविंदर वीर गुप्ता, कुलदीप राठी, नवीन गर्ग, मोनिका जिंदल, रोहित सेठ, अमन शर्मा, गीता, रनदीप कौर, कंवलजीत कौर, अनुराधा, आंचल, श्यामानंद, संजीव मंढ़ाण, सीमा पोपली, सतविंदर, राजवंत कौर सहित अभिभावक व विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों ने खेलकूद में हिस्सा लिया

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में खेल विभाग द्वारा इंटर हाउस गेम्स करवाई गई। कक्षा प्री नर्सरी से दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच में दौड़, तीसरी से पांचवी के बीच में दौड़ व कस्सी करवाई गई। छठी से आठवी के बीच में रस्साकशी व क्रिकेट के मैच करवाए गए। नौवीं से बाहरवी के बीच में रस्साक्शी के मैच करवाए गए। सभी प्रतियोगिताएं इंटर हाउस करवाई गई। स्कूल प्रिंसिपल वरिंदर कौर एवं वाइस प्रिंसिपल हरविंदर सिंह ने विजेता बच्चों को बधाई दी।

### गन्ने की बकाया पेमेंट सुनिश्चित करें सरकार

**अंबाला।** सुप्रीमकोर्ट ने नारायणगढ़ शुगर मिल के कुर्की आदेश जारी किए हैं। किसानों की गत व मौजूदा वर्ष की पेमेंट तथा फसल ऋण सहित करीब 125 करोड़ रूपये की पेमेंट शुगर मिल की ओर बकाया है। प्रशासन द्वारा किसानों को अंधेरे में रखा गया। विधायक वरुण चौधरी ने ने कहा कि मौजूदा सरकार किसानों की मांगों की अनदेखी कर रही है।

### बुनियाद के लिए किया रजिस्ट्रेशन

**अंबाला।** राजकीय आदर्श संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समलेहड़ी में विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से खंड स्तर पर सुपर 100 वह बुनियाद रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खंड साहा के सभी वद्यिालयों से मेधावी छात्रों अपने स्कूल मुखिया सहित रजिस्ट्रेशन कराने हेतु पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश , विकल्प फाउंडेशन के आईआईटियन राकेश, पूजा शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**अंबाला।** पंडित केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को खेड़े वाली धर्मशाला मनमोहन नगर में सुबह 10 से 2 बजे तक लगाया जाएगा। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड , लिपिड प्रोफाइल , एचबी समेत कई टेस्ट निःशुल्क किए जाएंगे। साथ ही परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए जाएंगे।

### बुढ़ाखेड़ा से पंप की मोटर चोरी

**जुलाना।** जुलाना के क्षेत्र के बुढ़ाखेड़ा गांव से पंप की मोटर चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुढ़ाखेड़ा गांव निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 दिसंबर की रात को उसके पंप की मोटर चोरी हो गई। जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रूपये थी।

### संदिग्ध हालात में दो लडकियां लापता

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से महिला तथा युवती के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव झांज कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 दिसंबर को उसकी 25 वर्षीय पत्नी संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं लगा।

# होलसेल कपड़ा मार्केट में जमीन सबसे महंगी, अब यहां कलेक्टर रेट 1.77 लाख प्रति वर्गगज करने का प्रस्ताव

## प्रशासन की ओर से मांगी आपत्तियां, प्रॉपर्टी कारोबारियों के साथ राजनीतिक दलों ने शुरू किया विरोध

### कई रिहायशी कॉलोनियों में कलेक्टर रेट में 25 से 80 फीसदी बढोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में प्रस्तावित कलेक्टर रेट का विरोध शुरू हो गया है। वर्ष 2024-2025 के लिए प्रत्येक क्षेत्र में प्रस्तावित कलेक्टर रेट में 25 से 300 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। अंबाला छावनी की डिफेंस कॉलोनी सहित कई ऐसी रिहायशी कॉलोनियां हैं जहां कलेक्टर रेट वहां के वास्तविक रेट से अधिक है। ऐसे मे कलेक्टर रेट में फिर से वृद्धि होने से प्रॉपर्टी कारोबार पर बुरा असर पड़ने की बात कही जा रही है। साथ ही गरीब व्यक्ति के लिए अपने आशियाने का सपना भी साकार होता नजर नहीं आ रहा है।

### क्षेत्र के वास्तविक रेट चेक किया जाए

पिछले वर्ष अंबाला छावनी की डिफेंस कॉलोनी के रिहायशी क्षेत्र के कलेक्टर रेट 5,000 रुपये प्रति वर्ग गज से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति वर्ग गज किए गए थे। साथ ही व्यवसायिक क्षेत्र के कलेक्टर रेट 9,500 रुपये प्रति वर्ग गज से बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रति वर्ग गज कर दिए गए थे। अब फिर से जो प्रस्तावित कलेक्टर रेट हैं उनमें लगभग सभी क्षेत्रों में वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है। डिफेंस कॉलोनी के कई क्षेत्रों में अब भी प्लाट 2,000 रुपये प्रति वर्ग गज से लेकर 3,000 रुपये प्रति वर्ग तक उपलब्ध है लेकिन यहां कलेक्टर रेट का 10,000 प्रति वर्ग गज करने का प्रस्ताव है। इसी तरह अंबाला छावनी सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री बंद होने के बावजूद यहां भी कलेक्टर रेट बढ़ाने का प्रस्ताव है। इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि अंबाला छावनी में मलबे की रजिस्ट्री होती थी जबकि रजिस्ट्री के में मलबे के मूल्य मे भूमि की कीमत जोड़कर कलेक्ट्रेट लगाया जाता है। जनता लुट रही है और सभी चौकीदार मौन हैं। कहा कि कलेक्टर रेट में ये वृद्धि से कुछ नेताओं के निजी फायदे हो सकती है लेकिन आमजन को इससे नुकसान ही होगा। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की रजिस्ट्री में तो सरकार ने पहले ही स्टांप ड्यूटी जो 3% थी उसे 5% कर दिया है और जो 5% थी उसे 7% कर दिया है। यह वृद्धि पहले ही किसानों को प्रभावित कर रही है। सरकार से मांग की कि खेती-बाड़ी की जमीन के लिए स्टांप ड्यूटी सबके लिए 3% की जाए और प्रस्तावित कलेक्टर रेट लागू किए जाने से पहले उस क्षेत्र के वास्तविक रेट जरूर चेक किया जाए।



अंबाला। होलसेल कपड़ा मार्केट में देव समाज कॉलेज रोड का दृश्य।

### बादशाही बाग कॉलोनी में 78 फीसदी से ज्यादा बढ़ौतरी

यहां सबसे महंगी प्रॉपर्टी

व्यवसायिक प्रॉपर्टी के रेटों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी अंबाला शहर के बादशाही बाग कॉलोनी में हुई। यहां 78 फीसदी से ज्यादा बढ़ौतरी की गई। अंबाला शहर के सेक्टर एक को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में कलेक्टर रेट 40 हजार रुपये प्रति वर्ग गज कर दिया गया। अंबाला शहर की देव समाज कॉलेज रोड पर प्रॉपर्टी सबसे ज्यादा महंगी हो गई। यहां कलेक्टर रेट 1.44 लाख से बढ़ाकर 1.77 लाख कर दिया गया है। सेक्टर सात की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कलेक्टर रेट 40 से 50 हजार प्रति वर्ग गज कर दिया गया। जबकि सैक्टर 8, 9 व 10 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कलेक्टर रेट 25 हजार से बढ़ाकर 40 हजार रुपये प्रतिगज कर दिया गया। व्यवसायिक प्रॉपर्टी के मामले में प्रेमनगर में 50 हजार से बढ़ाकर कलेक्टर रेट 71 हजार वर्गगज से ज्यादा किया गया है। कांग्रेस भवन के पास 75 हजार से बढ़ाकर रेट करीब 95 हजार वर्गगज किया गया है। इसी तरह शालीमार मार्केट में 1.20लाख से बढ़ाकर 1.32 लाख वर्गगज किया गया है। न्यू बस्ती में 90 हजार से बढ़ाकर 1.10 लाख रुपये प्रति गज से ज्यादा रेट हो गया है। मानव चौक से दुर्गानगर तक 40 हजार से बढ़ाकर कलेक्टर रेट 50500 रुपये प्रतिवर्ग गज किया गया है।

## मुरलीधर डीएवी स्कूल में दो दिवसीय रंगारंग वार्षिक उत्सव संपन्न

# विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मचाई धूम, गिद्दा पर जमकर झूमे

### रिटायर्ड जस्टिस प्रीतमपाल ने निभाई मुख्यअतिथि की भूमिका छठी से 12वीं तक के छात्रों को पुरस्कार वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुरलीधर डीएवी वद्यिालय मे वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गीता जयंती के उपलक्ष्य मे ही इसका विषय अभ्युत्थानम रखा गया। इस दूसरे दिवस के वार्षिक उत्सव में मुख्यअतिथि की भूमिका रिटायर्ड जस्टिस प्रीतम पाल ने की जबकि प्रबंधन समिति के डॉ. विवेक मल्होत्रा भी विशेषतौर पर मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आरआर सूरी व स्थानीय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा मुख्यअतिथि का पुष्प माला पहना कर विद्यालय के मुख्य द्वार पर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा हवन व विभिन्न क्लब रोबोटक्सि, इको, लीगल लिटरेसी क्लबों द्वारा विभिन्न गतिविधियां, आर्टिफीसियल इंटेलीजेंसी व कोडिंग प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। हेरिटेज क्लब द्वारा हमारी भारतीय संस्कृति धरोहर प्रदर्शित की गई। रथ पर श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता उपदेश देते हुए रथ पर झांकी प्रस्तुत की गई। स्कूल के बैंड द्वारा विद्यालय के प्रांगण द्वार पर लाकर छात्रों द्वारा तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। गायत्री मन्त्र द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलन करते हुए डी ए वी गान गाकर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। सर्वप्रथम शिव वंदना, अंग्रेजो का भारत में आगमन, मंगल पांडे द्वारा विद्रोह व झाँसी की रानी की क्रांति दिखलाई गई। स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन व भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे उनका योगदान एक लघु नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया। भगत सिंह का हंसते हंसते शहीद होना व वन्दे मातरम प्रदर्शित किया गया। विशेष अतिथि डॉ. विवेक मल्होत्रा ने छात्रों द्वारा किए गए कार्यक्रम की प्रशंसा की। मुख्यअतिथि व विशेष अतिथि की ओर से विद्यालय की पत्रिका प्रतिबिंब का विमोचन किया गया। स्कूल की गणित अध्यापिका गौरी वंदना द्वारा लिखित वैदिक मैथ्स पुस्तक का विमोचन किया गया। जस्टिस प्रीतम पाल सिंह ने कहा कि बच्चो के भविष्य निर्माण में अध्यापक व अभिभावकों का सम्मश्रिति प्रयास होता है। माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चो के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करे। डीएवी संस्थाएं छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक व मानवीय मूल्य भी प्रदान करती है। उन्होंने कार्यक्रम को अत्यंत सराहा व शुभकामनाएं। विद्यालय की छात्राओं द्वारा भंगड़ा प्रस्तुत किया जिसने समा बांध दिया। कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए।









अंबाला। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियां देते छात्र व कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यअतिथि। *फोटो : हरिभूमि*



अंबाला। छात्रों को नशे के खिलाफ जागरुक करते डॉ. अशोक वर्मा।

# नशे से प्रत्येक 4 सैकेंड में एक व्यक्ति की मौत: वर्मा

- हरियाणा राज्य नारकोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी बोले नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस कर रही है ठोस कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है। नशे में ग्रस्त युवा पीढ़ी मिलकर सबको बचानी है। है सच्चाई नशा बुराई यह बात जन जन तक पहुंचानी है। ये बात हरियाणा राज्य नारकोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसी बाजार अंबाला छावनी में वद्यिार्थियों को संबोधित करते हुए कही। वे नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे थे। जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन नशे के विरुद्ध युवा पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं। वर्मा ने उपस्थित समूह को कहा कि प्रत्येक 4 सैकेंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो रही है। उन्होंने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा स्टेट नारकोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया है। ब्यूरो द्वारा पिछले 11 माह में 3471 अभियोग अंकित किए गए हैं जिसमें 4670 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। नशे के कारोबार में संलप्ति अपराधियों के साथ साथ उनके सहयोगियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। उन्होंने गायन के माध्यम से भी वद्यिार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया। 9050891508 पर नशे के अपराधियों की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया।

### ड्राइंग कंपीटिशन में डीएन मॉडल स्कूल अव्वल

**जींद।** ऑल इंडिया ड्राइंग कंपीटिशन में डीएन माडॅल स्कूल का प्रदर्शन शानदार रहा। युवा मास्टर स्ट्रोक द्वारा आयोजित ऑल इंडिया ड्राइंग कंपीटिशीन में तीन गुरप शामिल हुए। तीनों ही ग्रुप में बच्चों का प्रदर्शन शानदार रहा। ग्रुप ए में तीसरी कक्षा की छात्राएं दिप्ती और समीक्षा ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्रुप बी में कक्षा छठी के छात्रों तन्मय, हर्ष व हिमांशु ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में शामिल नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों भावना व प्राची ने पहला, रोक्सी, शुभम ने दूसरा व जय ने तीसरा स्थान प्राप्त करके सफलता हासिल की। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए शनिवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक वीरेंद्र ढिल्लो ने बच्चों को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान

- प्रशासन की ओर से जारी की एडवाइजरी, बुजुर्ग व बच्चों का खास ध्यान रखने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला प्रशासन की ओर से सर्दी व घने कोहरे को देखते हुए लोगों से सावधानी बतरने का अनुरोध किया गया है। साथ ही कोहरे के कारण वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी कहा गया है। उपायुक्त डॉ. शालीन ने लोगों को सर्दी से बचाव के लिए एतिहात बतरने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि इन दिनों क्षेत्र में शीतलहर व कड़ाके की ठंड पड़ रही है। थोड़ी सी सावधानी बरतकर शीत घात से बचा जा सकता है। शीत-घात से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी, समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में मौसम कैसा रहेगा। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों और खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नाक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभन्नि बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बल्कुिल न लगे। शरीर की गरमाहट बनाए रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। हाथों में दस्ताने रखें। सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं। बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जितना अधिक लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन चलाएं। वाहन चालकों को आगे जाने वाले वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए।

# आरपीएस स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट आज

### स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर 150 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि :शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 31 दिसंबर को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दे सकते हैं।

परीक्षा में कक्षा तीसरी से 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर-30 के लिए कक्षा नौवी व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा, जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी रविवार को सुबह 9:30 बजे तक पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें। परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 31 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर 150 विद्यार्थियों का चयन आरपीएस ग्रुप करेगा जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। परीक्षा में कक्षा तीसरी से छठी तक ईवीएस, अंग्रेजी, मैथ के 20-20 प्रश्न कक्षा स्तर के आधार पर पूछे जाएंगे ।





महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल का भवन।

### जनता परेशान, सत्ताधारी खेल रहे कमीशन का खेल : भारद्वाज

**जींद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रघवीर भारद्वाज ने कहा कि जहां किसान, कमेरा, मजदूर, व्यापारी और दुकानदार आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएं उसकेसाफ तौर पर मायने निकलते है कि वहा की सल्तनत को संभालने वाले नकारा हो चुके हैं। आज जींद ही नहीं पूरे हरियाणा के लोग गठबंधन सरकार से परेशाान चल रहे है। प्रोपर्ट्री आईडी, परिवार पहचान पत्रों में सरकार ने जिंदगी को उलझा कर रख दिया है। सत्ताधारी, कमीशन-कमीशन का खेल खेलने में मशगूल हैं और जनता परेशानी के आंसू निकाल रही है। कांग्रेस नेता रघवीर भारद्वाज अपराही मोहल्ला में स्थानीय लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान लोगों ने सीवरेज, गलियों की समस्या, प्रोपर्ट्री आईडी की आड़ में चल रहे भ्रष्टाचार के खेल को लेकर अपना दुखड़ा सुनाया। इस मौके पर प्रधान धर्मपाल, आनंद कुमार, चांद, प्रेम प्रकाश, ईश्वर, राजकुमार आदि मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने इस दौरान कांग्रेस नेता रघवीर भारद्वाज का फूलों की मालाओं से स्वागत किया। भारद्वाज ने कहा कि जन हितो से जुड़े मसलो को लेकर सत्ताधारी गूंगे और बहरे हो चुके हैं। सत्तासीनों को लोगों की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है। यही कारण है कि हर वर्ग आंदोलनरत नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारियों की नकारा सोच के कारण जींद के व्यापारी और दुकानदार आंदोलन करने पर मजबूर हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## डीईईओ बिना सूचना के पहुंचे मुआयना करने

# छह खंडों के स्कूलों को 48 हजार किताबें वितरित

- कड़ाके की ठंड व छुट्टी होने के बावजूद शिक्षा अधिकारी ने पुस्तक वितरण केंद्र में कर्मचारियों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सरकारी कार्यालयों में छुट्टी थी। ठंड के साथ गहरी धुंध का भी हर जीवन पर असर पड़ रहा है। ऐसे में साल के अंतिम कार्य दिवस की सुबह जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा अचानक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलबेहड़ा में पहुंच गए। यहां पुस्तक वितरण केंद्र स्थापित किया गया है। यहां उन्होंने एपीसी अनिल जगदेव की निगरानी में चल रहे डीपीसी कार्यालय के पुस्तक वितरण केंद्र में विभिन्न खंडों को वितरित की जा रही नैतिक शिक्षा विषय की पुस्तकों की व्यवस्था का मुआयना किया। स्पोर्ट्स किट में होने की वजह से डीईओ को यहां कोई नहीं पहचान पाया। इसके बाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न खंडों से आए प्रतिनिधियों को गणना के पश्चात कक्षानुसार दी गई किताबें की कार्रवाई को देखा। उन्होंने खुद इस बात की जांच की कि उनके वाहन में किताबें लोड करवाने के पश्चात उनसे पुस्तक प्राप्ति रजिस्ट्रर में हस्ताक्षर करवाए गए या नहीं। इस सारे कार्य में पुस्तक वितरण टीम को विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता रानी, एबीआरसी मीनू तथा विद्यालय के सेवादारों द्वारा भरपूर सहयोग दिया जा रहा है। इस केंद्र से जिले के सभी छह खंडों के कक्षा 6 से 12 के सभी बच्चों के लिए नैतिक शिक्षा विषय की कुल 47561किताबें वितरित की गई। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी खंडों से आए प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वितरित की गई सभी किताबों को संबंधित स्कूलों में 1 जनवरी तक अवश्य पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि ये किताबें सभी बच्चों को निशुल्क दी जानी हैं।



अंबाला। पुस्तक केंद्र में वितरण का मुआयना करते डीईईओ सुधीर कालड़ा।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को संस्कृति बोध परियोजना के तहत छात्रों के लिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा चौथी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों ने परीक्षा दी। छात्रों के भविष्य निर्माण की दृष्टि से इस परीक्षा का आयोजन विद्या भारती हरियाणा के उत्कृष्ट दृष्टिकोण का सबसे बड़ा उदाहरण है। परीक्षा की तैयारी नित्यप्रति वंदना सत्र के बाद छात्रों की दिनचर्या को आरंभ करने के साथ की जाती है। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों का महत्व आईएएस जैसी परिक्षाओं से कम नहीं है। विद्यालय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमुख मुकेश ने कहा कि छात्रों का जीवन संस्कारमय बना रहे, ऐसी आशा के साथ प्रतिवर्ष विद्या भारती संबद्ध विद्यालयों में इस परीक्षा का आयोजन करवाती है। संस्कृति बोध परियोजना का उद्देश्य विभिन्न विधाओं में छात्रों को निपुणता प्रदान करना होता है। इसलिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा सभी विषयों का आधार मानी जाती है। प्राचार्य बलबीर ने कहा कि विद्या भारती सदैव हर तरह से छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए चिंतनशील रहती है।